C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 168 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 10 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## खनन पर सख्त रुख: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा अवैध खनन में लिप्त कोई नहीं बचेगा

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में उपलब्ध प्रचुर खनिज संपदा को राज्य के विकास का मजबूत आधार बताते हुए खनन क्षेत्र में पारदर्शिता, तकनीक और सख्त निगरानी को शीर्ष प्राथमिकता बताया। मुख्यमंत्री कार्यालय में खान एवं पेट्रोलियम विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खनिज संसाधनों का वैज्ञानिक दोहन हो, समयबद्ध राजस्व लक्ष्य पूरे किए जाएं और अवैध खनन पर पूरी सख्ती से कार्रवाई की जाए। शर्मा ने साफ किया कि अवैध खनन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि राज्य में असीम खनिज संभावनाएं हैं और इनके दोहन के लिए नए खनिज ब्लॉक्स की पहचान की जाए। अत्याधुनिक तकनीक, ड्रोन सर्वे और एआई आधारित मॉनिटरिंग का अधिकतम उपयोग कर खनन प्रबंधन को मजबूत किया जाए। साथ ही अन्य खनिज-समृद्ध राज्यों के कार्य मॉडल का अध्ययन कर राजस्व बढ़ाने के नए मार्ग तलाशने पर भी जोर दिया।






मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि खनन क्षेत्र में नीलामी प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता से की जाए और पुलिस, परिवहन एवं खान विभाग संयुक्त रूप से अवैध खनन रोकने की प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने अवैध खनन निर्धारण के लिए ड्रोन सर्वे बढ़ाने तथा खनन पट्टा क्षेत्रों और अवैध खनन स्थलों की जियो-फेंसिंग को और मजबूत बनाने पर बल दिया।

बजरी के विकल्प के रूप में एम-सेण्ड को प्रोत्साहन देने के लिए जारी एम-सेण्ड नीति 2024 को भी महत्वपूर्ण बताते हुए शर्मा ने संबंधित प्लांटों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को प्रोत्साहन देने से प्रदेश में कई एम-सेण्ड यूनिट संचालित हो रही हैं, जो भविष्य में बजरी के विकल्प के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

बैठक में विभाग द्वारा किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी गई, जिनमें एम-सेण्ड पॉलिसी, मिनरल डेवलपमेंट और पर्यावरण संरक्षण उपाय, अवैध माइनिंग मॉनिटरिंग कमेटी का गठन, ई-रवन्ना और ई-टीपी के दुरुपयोग को रोकने के लिए विशेष टीम, संवेदनशील क्षेत्रों में बॉर्डर होमगार्ड की तैनाती, खनिज परिवहन वाहनों में जीपीएस व आरएफआईडी की बाध्यता, वे-ब्रिज पर स्टैंडर्ड सॉफ्टवेयर, सेंसर और एआई कैमरा शामिल हैं।

प्रमुख शासन सचिव खान टी. रविकांत ने विभागीय योजनाओं व उपलब्धियों पर प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।


मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान का खनन क्षेत्र अब उच्च तकनीक, अधिक पारदर्शिता और जीरो टॉलरेंस की नई नीति पर आगे बढ़ेगा।

## शिक्षा ढांचे को संवारने की तैयारी: जर्जर स्कूलों के लिए शिक्षा मंत्री ने एमएलए फंड का 20% मांगा

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।

राजस्थान में स्कूलों की जर्जर होती अवस्था को देखते हुए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सभी विधायकों को पत्र लिखकर अपील की है कि वे अपने विधायक कोष (एमएलए फंड) का 20 प्रतिशत हिस्सा विद्यालयों की मरम्मत और नए भवनों के निर्माण में लगाएं। सरकार का मानना है कि प्रदेश के स्कूलों की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि बिना अतिरिक्त आर्थिक सहयोग के इन्हें सुरक्षित बनाना संभव नहीं है।

सरकार द्वारा करवाए गए सर्वे में खुलासा हुआ है कि प्रदेश के 3,768 विद्यालय भवन पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं और तत्काल नए निर्माण की जरूरत है। वहीं 83,783 कक्षाएं और 16,765 शौचालय भी इतनी खराब स्थिति में पाए गए कि उनका उपयोग संभव नहीं है। इसके अलावा 2,19,902 कक्षाएं और 29,753 शौचालय ऐसे हैं जिन्हें जल्द मरम्मत की आवश्यकता है। आने वाले मानसून की भारी बारिश को देखते हुए सरकार ने इन कमजोर भवनों को प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित बनाने की तैयारी की है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि 'विधायक शिक्षा का साथी' योजना के तहत एमएलए फंड का 20% सरकारी स्कूलों के विकास पर खर्च किया जाएगा। उसी घोषणा को आगे बढ़ाते हुए शिक्षा मंत्री ने सभी विधायकों से अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के जर्जर विद्यालयों के लिए कम से कम एक करोड़ रुपये मंजूर करें ताकि निर्माण और मरम्मत का काम समय पर शुरू हो सके।

शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि इस सहयोग से स्कूलों का माहौल सुरक्षित और बेहतर बनाया जा सकेगा। उनके अनुसार, यह राशि बच्चों की सुरक्षा, सुविधाओं और शिक्षा के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और राज्य की शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावशाली बनाएगी।

## दो दिवसीय बिजौलिया प्रवास में डॉ. प्रवीण तोगड़िया का हिंदुत्व, किसान हितों और न्याय व्यवस्था पर बड़ा बयान

### विशेष बातचीत में बोले राम मंदिर बना यह वीरता और पराक्रम का प्रतीक ,अब देश में लंबित करोड़ों मामलों को खत्म करने की जरूरत'

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

**कपिल श्याम विजय।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया का 8-9 दिसंबर को बिजौलिया उपखंड क्षेत्र में हुआ प्रवास धार्मिक आस्था, सामाजिक चेतना और जनसंवाद कार्यक्रमों से भरपूर रहा। अनेक स्थानों पर हुए स्वागत, जनसभाओं, किसान संगोष्ठियों और अभिभाषकों के साथ संवाद के बीच तोगड़िया ने हिंदुत्व, किसान मुद्दों और देश की न्याय व्यवस्था पर खुले विचार रखे। लेकिन इस पूरे प्रवास के केंद्र में रही भीलवाड़ा फोकस से उनकी विशेष बातचीत, जिसमें उन्होंने राम मंदिर से लेकर देश के करोड़ों लंबित मामलों तक पर महत्वपूर्ण टिप्पणियां कीं।

#### राम मंदिर मुद्दे पर बोले 40 साल दिए, मंदिर बना यही सौभाग्य... किसे बुलाया, किसे नहीं-ये छोटी बातें हैं

बार रूम में अभिभाषकों से संवाद के दौरान 'राम मंदिर निर्माण के सपने के पूरे होने और केंद्र सरकार द्वारा दर्शन व्यवस्था' पर पूछे गए सवाल पर तोगड़िया ने कहा कि वे इस मुद्दे पर बयान नहीं देना चाहते। उन्होंने कहा राम मंदिर बनने से मैं प्रसन्न हूँ। मंदिर के लिए मैंने जीवन के 40 वर्ष लगाए। मंदिर में किसे दर्शन मिले, किसे नहीं ये छोटी बातें हैं। मंदिर बना यह हमारा सौभाग्य है, वीरता और पराक्रम का प्रतीक है। कोई भी कभी भी जाकर दर्शन कर सकता है।



तोगड़िया ने आगे कहा कि राम मंदिर पर राजनीति करने की आवश्यकता नहीं, मंदिर का निर्माण सम्पूर्ण हिंदू समाज का गौरव है।

#### देश की न्याय प्रणाली पर कड़ा संदेश-'लाखों नहीं, करोड़ों केस लंबित... इन्हें खत्म करने की कोशिश करे सरकार तो मैं तालियां बजाऊँगा'


भीलवाड़ा फोकस से विशेष बातचीत में तोगड़िया ने देश की न्याय व्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा देश में करोड़ों केस कोर्ट में लटके हुए हैं। अगर केंद्र और राज्य सरकार इन मामलों को खत्म करने की ठोस कोशिश करें तो मैं सबसे पहले तालियां बजाऊँगा। उन्होंने कहा कि समय पर न्याय न मिलने के कारण समाज में तनाव और हिंसा बढ़ती है। जब न्याय समय पर मिलता है तो हिंसा नहीं होती, लोगों का मन शांत रहता है। भारत को न्याय में भी तेजी की जरूरत है। तोगड़िया ने केस आगे बढ़ाने की प्रक्रिया में सुधार को तत्कालिक आवश्यकता बताया।

#### जोगणिया माता शक्तिपीठ में दर्शन से हुई प्रवास की शुरुआत

प्रवास की शुरुआत जोगणिया माता शक्तिपीठ में दर्शन के साथ हुई, जहाँ ट्रस्ट अध्यक्ष सतनारायण जोशी और भक्तों ने उनका स्वागत किया। कस्बे के पंचायत चौक में विशाल जनसभा यहाँ उन्होंने हिंदू राष्ट्र की अवधारणा, जनसंख्या संतुलन और सांस्कृतिक संरक्षण पर विस्तृत विचार रखे। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, हिंदू हेल्पलाइन, किसान हेल्पलाइन और हनुमान चालीसा केंद्रों की कार्यप्रणाली का जिक्र किया।

#### किसान संगोष्ठी-फसल मूल्य, सिंचाई और ऋण व्यवस्था पर चर्चा

छोटी बिजौलिया में आयोजित किसान संगोष्ठी में तोगड़िया ने किसानों के मुद्दों पर संवाद किया। प्रभुलाल धाकड़, गोपाल धाकड़, अविनाश धाकड़, विनोद शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



#### विभिन्न संगठनों ने किया स्वागत सम्मान

बजाज शोरूम, चाणक्य क्लासेज, ब्राइट फ्यूचर एकेडमी, डॉक्टर डी.एस. मेहर के निवास सहित कई स्थानों पर उनका स्वागत-सम्मान किया गया। अभिभाषक परिषद के बार रूम में वकीलों से मुलाकात में उन्होंने न्याय प्रणाली पर विस्तार से बात की और सस्ता, शीघ्र व सुलभ न्याय सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई। स्वतंत्रता सेनानी डॉ. साधु सीताराम दास की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद उन्होंने देव डूंगरी पहुंचकर समाजजनों से मुलाकात की। यहाँ संस्कार भारती चिल्ड्रन स्कूल के बच्चों से संवाद करते हुए उन्होंने प्रतिदिन अध्ययन और हनुमान चालीसा पाठ की प्रेरणा दी।

#### ये रहे मौजूद:

चित्तौड़ प्रांत कार्याध्यक्ष घनश्याम सोनी, प्रदेश अध्यक्ष भंवरलाल, राष्ट्रीय बजरंग दल प्रदेशाध्यक्ष ओम जय प्रजापत, राजस्थान प्रभारी रोहित दर्जी, ओजस्विनी प्रांत अध्यक्ष कामना शर्मा, मुनि अरविंद, बहन रचना आदि पदाधिकारी लगातार साथ रहे।

## नई दिल्ली में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

### प्रदेश के विकास और जनहित मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने मंगलवार को नई दिल्ली में संसद सत्र के दौरान संसद भवन स्थित कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान प्रदेश में विकास, जनहित कार्यक्रमों और विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर दोनों के बीच विस्तृत चर्चा हुई।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का प्रेरणादायी मार्गदर्शन, सकारात्मक दृष्टि और राष्ट्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हमेशा नई ऊर्जा देती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की सादगी, जनसेवा का जुनून और मजबूत नेतृत्व क्षमता मानव कल्याण के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करती है।



## लोकसभा में राहुल के भाषण के बाद गहलोत ने वोट चोरी मुद्दे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से रैली में शामिल होने की अपील की

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

लोकसभा में वोट चोरी और SIR के मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जोरदार भाषण के बाद प्रदेश की राजनीति में नई हलचल शुरू हो गई है। इसी क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक्स पर पोस्ट कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों से लोकतंत्र की रक्षा की इस लड़ाई में सक्रिय रूप से जुड़ने की अपील की है।

गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी के भाषण ने वोट चोरी जैसे गंभीर विषय की गहराई को सामने रख दिया है। गहलोत ने जानकारी दी कि इस मुद्दे पर आगे की रणनीति के लिए कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और कोषाध्यक्ष अजय माकन बुधवार को जयपुर पहुंचकर बैठक करेंगे। गहलोत ने अपने पोस्ट में कार्यकर्ताओं से 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित 'वोट चोर, गद्दी छोड़' रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रैली में भाग लेने हेतु कार्यकर्ता अपने ब्लॉक, जिला या प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माध्यम से समन्वय कर सकते हैं।



उन्होंने चेताया कि लोकतंत्र बचाने की इस लड़ाई में सभी का एकजुट होना बेहद जरूरी है, अन्यथा आने वाली पीढ़ियों को हम उचित जवाब नहीं दे पाएंगे।

## बसंत पंचमी पर गुर्जर समाज का 5वां सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन 23 जनवरी को

**भीलवाड़ा फोकस @बिजौलिया।**

**मानव तिवारी।** ऊपरमाल, आम चौखला, बरड़ व खेराड़ क्षेत्र के वीर गुर्जर समाज द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित होने वाले 5वें कन्या निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। समाज ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि यह भव्य आयोजन 23 जनवरी को भगवान देव नारायण मंदिर, देव डूंगरी में संपन्न होगा। समाज अध्यक्ष नेवालाल गुर्जर की अध्यक्षता में हुई बैठक में पंच पटेलों और समाजजनों ने विवाह सम्मेलन की तिथि, स्थान, व्यवस्थाओं और विभिन्न समितियों के गठन पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में समाज उत्थान और सामूहिक विवाह की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने पर जोर दिया गया। बैठक में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे, जिनमें सेट भोजराज, चौवन, नंदा बुकण, भोजराज चाड, प्रहलाद, जगन्नाथ, मांगीलाल, रामा, रामलाल, नवरत्न, संजय, रामपाल, शंभु, जुगराज, कमलेश, मनीष, रामकिशन, गोपाल, किशन, महेंद्र सहित सैकड़ों सदस्य शामिल रहे ।

## 46 किलो डोडा चूरा प्रकरण में फरार सप्लायर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**

पुलिस ने 46 किलो डोडा चूरा जब्ती मामले में फरार चल रहे मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है।

कार्रवाई थानाधिकारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई। टीम ने आरोपित बाबूलाल प्रजापत को चित्तौड़गढ़ जिले के श्रीनगर क्षेत्र से डिटेन कर गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया की 18 अगस्त को पुलिस थाना काछोला के उपनिरीक्षक बालकिशन ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 46 किलो अवैध डोडा चूरा जप्त किया था। इस प्रकरण में पहले ही दो आरोपित लादू लाल रेबारी और विनोद उर्फ भाऊ को गिरफ्तार किया जा चुका था। जांच में सामने आया कि मादक पदार्थ का मुख्य सप्लायर बाबूलाल प्रजापत (42) इस मामले में वांछित चल रहा था और फरार था। गठित टीम द्वारा उसे पकड़कर प्रकरण में गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में पेश किया गया।

## बनकाखेड़ा जीएसएस घोटाले की जांच शुरू व्यवस्थापक मेवाती पर लाखों के गबन का आरोप, किसानों ने दर्ज कराए बयान



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)**

बनकाखेड़ा ग्राम पंचायत मुख्यालय स्थित ग्राम सेवा सहकारी समिति (जीएसएस) में व्यवस्थापक अशरफ मेवाती पर किसानों के केसीसी ऋण की राशि में बड़े पैमाने पर गबन के आरोपों की जांच मंगलवार को शुरू हुई। मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत दर्ज होने के बाद कोटड़ी तहसीलदार के आदेशानुसार गठित टीम बनकाखेड़ा पहुंची और किसानों से बयान लिए।

किसानों का आरोप है कि व्यवस्थापक ने केसीसी से निकाली गई राशि में से कुछ किसानों को आंशिक भुगतान किया, जबकि कई किसानों को एक रुपये तक नहीं मिला, और उनके बैंक खातों पर लगातार नोटिस आते रहे। मामले से परेशान किसानों ने मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत की, जिसके आधार पर नायब तहसीलदार मदनलाल शर्मा, गिरदावर, तथा पटवारी दीपा राठौड़ की समिति जांच के लिए मौके पर पहुंची।

जांच के दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जीएसएस में जरूरतमंदों के लिए उपलब्ध करवाए जाने वाले गेहूं में भी भारी अनियमितता सामने आई। मशीन में 15,000 किलो गेहूं का स्टॉक दिखाया जा रहा था, लेकिन मौके पर कुछ भी नहीं मिला। बाद में केवल 3,200 किलो गेहूं उपलब्ध करवाया गया। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कार्यालय में रखे दस्तावेज चूहों द्वारा कुतर दिए गए और जमीन पर बिखरे पड़े थे, जिससे किसानों से जुड़े कई मूल अभिलेख खराब हो गए। इन घटनाओं से ग्रामीणों में भारी रोष है।

**इनका कहना है ।**

'मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त शिकायत पर तहसीलदार के आदेशानुसार जीएसएस बनकाखेड़ा में जांच की गई। शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज कर रिपोर्ट तहसीलदार को भेजी जाएगी, जिसके बाद नियमानुसार कार्रवाई होगी।

**मदनलाल शर्मा, नायब तहसीलदार**

व्यवस्थापक किसानों के पैसे समय पर नहीं पुख्ता कर रहा था। जांच में दोषी पाए जाने पर कार्रवाई अवश्य होनी चाहिए। '

**चंद्रप्रकाश गाड़री, जीएसएस अध्यक्ष**

'अशरफ मेवाती ने किसानों के केसीसी लोन की रकम निकाली लेकिन उन्हें वापस भुगतान नहीं किया। पैसे निकालने और जमा करवाने दोनों के लिए किसानों से अंगूठे लगवा लिए जाते थे। किसानों को उनका पैसा लौटना चाहिए।

**सुभाष ओझा, ग्रामीण**

'व्यवस्थापक किसानों से अंगूठा लगवाकर पैसे निकाल लेता और बाद में बहाने बनाता। किसान बैंक ब्याज भर रहे हैं और धमकियां भी झेल रहे हैं। आज जांच में गेहूं स्टॉक में भी बड़ा अंतर सामने आया 15 हजार किलो दिखाया, लेकिन मौके पर कुछ नहीं मिला। '

**शंकरलाल जाट, ग्रामीण**

# विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति सदस्यों के दो दिवसीय प्रशिक्षण के लिए संदर्भ व्यक्तियों का चयन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

राजकीय विद्यालयों में कार्यरत विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति (SDMC) के सदस्यों के दो-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारी के तहत मंगलवार को पंचायतवार संदर्भ व्यक्तियों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय थड़ोदा में आयोजित हुआ।

आरपी कैलाश चंद्र सेन ने मॉड्यूल आधारित प्रशिक्षण देते हुए स्छस्ब् के गठन, उसके उद्देश्यों, भूमिकाओं और विद्यालयों में इसकी उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने



बताया कि समिति की सक्रियता से विद्यालय प्रबंधन और सामुदायिक भागीदारी दोनों में मजबूती आती है। प्रशिक्षण की शुरुआत में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी माली राम यादव ने विद्यालयों में समुदाय की सहभागिता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हर कार्य में समुदाय का सहयोग महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने शिक्षकों से सीएसआर एवं ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से सहयोग बढ़ाने की अपील की।

प्रधानाचार्य हेमा धाकड़ ने कहा कि समुदाय सहयोग करने को तत्पर है, बस उन्हें सही दिशा में प्रेरित करने की आवश्यकता है। वहीं ब्लॉक आरपी कालूलाल मीणा ने बताया कि पीईईओ स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण के लिए समग्र शिक्षा के तहत बजट स्वीकृत किया जा चुका है। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# अभिभाषक परिषद बिजौलिया चुनावः अध्यक्ष जगदीश और उपाध्यक्ष राजुलाल निर्विरोध, तीन पदों पर 12 दिसंबर को मतदान



जगदीश चन्द्र धाकड





राजुलाल धाकड़

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

अभिभाषक परिषद बिजौलिया के चुनाव की अंतिम प्रत्याशी सूची मंगलवार को चुनाव अधिकारी नरेश सिंह तंवर एवं सहायक चुनाव अधिकारी संजय कुमार धाकड़ ने जारी की। चुनाव अधिकारी ने बताया की तीन प्रमुख पद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और महासचिव पर उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। अध्यक्ष पद पर जगदीश चन्द्र धाकड़, उपाध्यक्ष पद पर राजुलाल धाकड़, और महासचिव पद पर प्रदीप कुमार शर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। प्रदीप शर्मा सोमवार को ही निर्विरोध घोषित हो चुके थे।

अन्य तीन पदों सहसचिव, कोषाध्यक्ष और पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए गए हैं। सहसचिव पद पर मनीष धाकड़, हितेश धाबाई और ललिता सुवालका, कोषाध्यक्ष पद पर पंकज कुमार धाकड़ और दीपक मीणा, जबकि पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर सुनील कुमार धाकड़ और ललिता सुवालका चुनाव मैदान में हैं। इन पदों के लिए 12 दिसंबर को मतदान संपन्न होगा।

चुनाव अधिकारियों ने बताया कि संपूर्ण चुनावी प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुसार और पूर्ण पारदर्शिता से कराई जाएगी। मतदान के बाद मतगणना की जाएगी और उसी दिन विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी।

# शाहपुरा बायपास से जहाजपुर तक 2 लेन से 4 लेन विस्तार की डीपीआर मंजूर

## विधायक गोपीचंद मीणा व सांसद दामोदर अग्रवाल के प्रयासों से मिली बड़ी स्वीकृति

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।**

**गजानंद जोशी।** जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र और भीलवाड़ा जिले के लिए एक महत्वपूर्ण विकास उपलब्धि दर्ज हुई है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने नेशनल हाईवे 148-ष्ठ के शाहपुरा बायपास से लेकर जहाजपुर तक के खंड को 2 लेन से 4 लेन में अपग्रेड करने हेतु डीपीआर तैयार करने के आदेश जारी कर दिए हैं। यह स्वीकृति विधायक गोपीचंद मीणा और सांसद दामोदर अग्रवाल के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है।





क्षेत्र में बढ़ते ट्रैफिक दबाव, औद्योगिक गतिविधियों में तेजी और दुर्घटना संभावित स्थितियों को देखते हुए जनप्रतिनिधियों ने लगातार इस मार्ग के विस्तार की मांग उठाई थी। एनएचएआई द्वारा डीपीआर स्वीकृत होने के बाद अब परियोजना अगले चरण की ओर बढ़ गई है।

विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि NH-148D का 4 लेन में विस्तार पूरे क्षेत्र की कनेक्टिविटी को नई गति देगा। इससे व्यापार, परिवहन और उद्योगों को मजबूत आधार मिलेगा। मार्ग चौड़ा होने से दुर्घटनाओं में कमी, यात्रा समय की बचत और लॉजिस्टिक गति में वृद्धि होगी।

सांसद दामोदर अग्रवाल ने केंद्र सरकार और एनएचआई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भीलवाड़ा और जहाजपुर क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। ह॥-148ष्ठ का चौड़ीकरण सर्वांगीण विकास की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि ष्ठक्क्र तैयार होने के बाद परियोजना तीव्र गति से आगे बढ़ेगी।



QUICK BITES

## सवाईपुर में महारैली एवं SIR प्रक्रिया को लेकर बैठक सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा -



( सांवर वैष्णव ):- सवाईपुर कस्बे में रड़ा की माताजी मंदिर प्रांगण में सोमवार शाम को जहाजपुर विधानसभा प्रभारी डॉ सुनील लारा व पूर्व उप प्रधान मनीष गूर्जर की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई । बैठक का मुख्य उद्देश्य दिल्ली में होने वाली आगामी महा रैली को सफल बनाने हेतु रणनीति तैयार करना तथा स्ढ्ढक्रप्रक्रिया से जुड़े आवश्यक बिंदुओं पर मंथन करना रहा । कोटड़ी ब्लॉक अध्यक्ष महावीर सुवालका ने बताया की बैठक में विभिन्न स्तरों पर तैयारियों की समीक्षा की गई तथा संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने की दिशा में महत्वपूर्ण सुझाव रखे गए । रैली में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया । इस दौरान देवेंद्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष जहाजपुर, गणेश जाट मंडल अध्यक्ष सवाईपुर, बद्री गुर्जर रासेड मंडल अध्यक्ष रासेड़ रामस्वरूप गुर्जर मंडल अध्यक्ष सातोला का खेड़ा, कमलेश सुथार मंडल अध्यक्ष पारोली, भगवती लाल सातोला का खेड़ा, पराक्रम सिंह रेडवास, राजेश श्रोत्रिय सवाईपुर, कमलेश जाट बड़ला आदि कई कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## खादी और ग्रामोद्योग आयोग का जागरूकता अभियान, एकदिवसीय लोक शिक्षण कार्यक्रम आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।




राजकीय औद्योगिक संस्थान, में खादी और ग्रामोद्योग आयोग, भारत सरकार के तत्वाधान में एकदिवसीय लोक शिक्षण कार्यक्रम (पीईपी) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वाद-विवाद व निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें आईटीआई में अध्यनरत विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में खादी और ग्रामोद्योग आयोग, भारत सरकार के राज्य निदेशक, डॉ. राहुल मिश्र, उपनिदेशक सूरज पंवार, आईटीआई, भीलवाड़ा व जिला उद्योग केंद्र, भीलवाड़ा के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को खादी और ग्रामोद्योग आयोग की प्रमुख योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पी.एम.ई.जी.पी.), ग्रामोद्योग विकास योजना (जी.वी.वाई.), खादी विकास योजन, स्फूर्ति कार्यक्रम इत्यादि योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# राज्य सरकार के दो वर्षः रोडवेज़ में बड़ा बदलाव, घाटा घटा ,बेड़ा हुआ मजबूत

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर/भीलवाड़ा



राज्य सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर राजस्थान रोडवेज़ में किए गए सुधार अब जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर रोडवेज़ को फिर से सुदृढ़ और यात्रियों के लिए भरोसेमंद बनाने के लिए व्यापक कदम उठाए गए, जिनका सीधा असर संचालन व्यवस्था और आर्थिक स्थिति पर पड़ा है।

लंबे समय से घाटे से जूझ रहे राजस्थान रोडवेज़ का वार्षिक घाटा, जो पहले लगभग 1000 करोड़ रुपये था, घटकर करीब 300 करोड़ रुपये रह गया है। सरकार इसे रोडवेज़ के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण सुधारों में से एक मान रही है।

यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सरकार ने रोडवेज़ बेड़े को मजबूत करते हुए 810 नई बसें खरीदीं और 352 अनुबंधित बसें शामिल कीं। नई बसों के आने से सेवाओं में सुधार हुआ, यात्रियों की संख्या बढ़ी और बसों की उपलब्धता बेहतर हुई।

संचालन सुधारों के तहत रूट प्लानिंग को मजबूत किया गया, डीज़ल की छीजत पर नियंत्रण स्थापित किया गया, सुपरविजन को बेहतर किया गया और बसों के दैनिक औसत किलोमीटर में वृद्धि की गई। इन सुधारों से रोडवेज़ संचालन अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी हुआ।

सरकार की योजना आने वाले समय में रोडवेज़ के बेड़े को और विस्तार देने की है। इसके लिए 800 और नई बसें शामिल करने की तैयारी चल रही है। इससे अधिक क्षेत्रों में बस सुविधा उपलब्ध होगी और रोडवेज़ को आत्मनिर्भर व लाभदायक बनाने का लक्ष्य पूरा करने में मदद मिलेगी।

# अमृता हॉट मेले का समापनः महिलाओं को मिला सशक्तिकरण का अवसर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जिला प्रशासन व महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से ग्रामीण हाट में आयोजित पांच दिवसीय अमृता हॉट मेले का समापन हुआ। इस दौरान शहरवासियों ने जमकर खरीदारी की और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए आर्थिक रूप से सशक्त होने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि अविनाश जीनगर, हमीरगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष रेखा परिहार, जिला सांख्यिकी अधिकारी सोनम राज कोठारी, उपनिदेशक महिला बाल विकास विभाग राजकुमारी खोरवाल, पुलिस आत्मरक्षक बल से राजकुमारी चौधरी, राजीविका से अमित जोशी उपस्थित रहे। विभाग की ओर से 2 हज़ार रुपए से ज्यादा की खरीद करने वाले उपभोक्ताओं में से लॉटरी द्वारा चयनित 3 उपभोक्ता श्रुति, निर्मला,




वीपी सिंह को आकर्षक पुरस्कार के लिए चुना गया।

मेले में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समापन के अवसर पर विजेताओं को सम्मानित किया गया। तीन सर्वश्रेष्ठ स्वंय समूह आंचल स्वयं सहायता समूह जयपुर, नवदुर्गा स्वयं सहायता समूह बूंदी, सुरभि स्वयं सहायता समूह अजमेर को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# विधायक अशोक कोठारी की मुख्यमंत्री से मुलाकात

## शहर के सर्वांगीण विकास पर रखीं बड़ी मांगें, उद्योग-बुनियादी ढांचे पर खास जोर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



विधायक अशोक कोठारी ने जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर शहर के सर्वांगीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। कोठारी ने कहा कि भीलवाड़ा को 'टेक्सटाइल सिटी' और 'राजस्थान का मैनचेस्टर' के रूप में जाना जाता है और इसका 31 हजार करोड़ रुपए का वार्षिक औद्योगिक टर्नओवर राज्य की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान देता है, इसलिए शहर को क्लीन-ग्रीन-इको सिटी मॉडल पर तेजी से विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री को 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए बिजली की महंगी दरों पर सब्सिडी, रिप्स-2024 में त्रैमासिक सब्सिडी भुगतान, स्टेट जीएसटी में राहत, सोलर प्रोजेक्ट्स को अलग सब्सिडी और कैपिटिव पावर पर लगी अव्यावहारिक शर्त हटाने जैसी उद्योग हित की मांगें रखीं।

विधायक ने शहर की कई अधूरी परियोजनाओं पर भी चिंता जताई, जिनमें 131 करोड़ की अमृत-2 पेयजल योजना, नगर विकास न्यास की 700 करोड़ से अधिक की परियोजनाएँ-चार ऋह्क्क़हाई लेवल ब्रिज, मानसरोवर व नगरवन विकास, ऑडिटोरियम निर्माण शामिल हैं। कोठारी ने कहा कि इन कार्यों में देरी से आमजन परेशान है और आवश्यक है कि जयपुर स्तर से निगरानी अधिकारी नियुक्त किए जाएँ। न्यू भीलवाड़ा लेआउट के लिए उच्चस्तरीय आर्किटेक्ट व टाउन प्लानर कमेटी बनाने और उसमें जनप्रतिनिधियों को शामिल करने का आग्रह भी किया गया।

कोठारी ने प्रशासनिक मांगों में गांधीनगर में नए थाने के लिए बजट व भूमि, सेंट्रल जेल को शहर से बाहर शिफ्ट करने, महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज हेतु भूमि चयन कमेटी बनाने, डीएमएफटी फंड की लंबित जीसी-12 और जीसी-13 प्रस्तावों को मंजूरी देने और गोचर भूमि संरक्षण के लिए स्पष्ट नीति बनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने एमजी अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ की कमी पर गंभीर चिंता जताई और बताया कि 703 बेड के मुकाबले केवल 217 नर्सिंग कर्मी कार्यरत होने से नया ओपीडी ब्लॉक तक संचालित नहीं हो पा रहा है।

कोठारी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि भीलवाड़ा के विकास से जुड़े सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाया जाए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूरी बात गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को जल्द कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया।

# टेक्सटाइल इंजीनियरिंग कॉलेज में वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता , देवराज सेन बने मिस्टर स्ट्रॉन्ग मेन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

एमएलवी टेक्सटाइल इंजीनियरिंग कॉलेज में मंगलवार को वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा प्रताप मंडल अध्यक्ष विजय जायसवाल रहे। प्रतियोगिता में छात्रों ने बेहतरीन शक्ति, संतुलन और खेल भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रिंसिपल डॉ. अरविंद वशिष्ठ के मार्गदर्शन में हुआ, जबकि पूर्व प्रिंसिपल धीरेन्द्र शर्मा, स्पोर्ट्स इंचार्ज ए. कन्नी राजा, शारीरिक शिक्षक डॉ. युवराज सिंह और एथलेटिक्स मैनेजर राजीव शाह ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कॉलेज के जनरल स्पोर्ट्स सेक्रेटरी शिवम शर्मा ने संपूर्ण व्यवस्थाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया।

प्रतियोगिता में शहर की प्रतिष्ठित संस्था अल्टीमेट जिम का विशेष सहयोग मिला, जहां विनोद यादव, इमरान पठान और राजीव शाह ने प्रतिभागियों को तकनीकी मार्गदर्शन और सुरक्षा सहायता प्रदान की।

लड़कियों की श्रेणी में पूजा मीणा ने गोल्ड, लक्षिता तिवारी ने सिल्वर और नंदिनी सिकलीगर ने ब्रॉन्ज अपने नाम किया।

वहीं अंडर 70 किलोग्राम कैटेगरी में आफताब पठान ने गोल्ड, इमरान पठान ने सिल्वर और सुमित विश्नोई ने कांस्य जीता। अबव 70 किलोग्राम वर्ग में भरत शर्मा ने गोल्ड, आर्यन शर्मा ने सिल्वर और सुनील चौधरी ने ब्रॉन्ज पर कब्जा किया।



प्रतियोगिता का सबसे आकर्षक क्षण स्ट्रॉन्ग मेन कैटेगरी रही, जिसमें देवराज सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मिस्टर स्ट्रॉन्ग मेन का खिताब जीता। प्रिंसिपल डॉ. वशिष्ठ ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल छात्रों के शारीरिक विकास को बढ़ावा देते हैं, बल्कि कॉलेज में खेल संस्कृति को भी मजबूत बनाते हैं।

# गोरधा पंचायत में धरती माता बचाओ अभियान की बैठक

## किसानों को दी गई मिट्टी संरक्षण और संतुलित खाद उपयोग की सलाह

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**(दिलखुश)।** गोरधा पंचायत मुख्यालय पर मंगलवार को धरती माता बचाओ अभियान के तहत बैठक आयोजित हुई, जिसमें वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक रामदयाल मीणा ने किसानों को मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी। मीणा ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर गठित समिति नकली व घटिया उर्वरकों की पहचान कर तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचना देगी, ताकि किसानों को नुकसान से बचाया जा सके। रामदयाल मीणा ने किसानों को सुझाव दिया कि फसल की आवश्यकता के अनुसार कम से कम और संतुलित मात्रा में खाद का प्रयोग करें, जिससे मिट्टी का पोषण संतुलन कायम रहे और भूमि लंबे समय तक उपजाऊ बनी रहे। उन्होंने प्रशासन द्वारा जारी दिशानिर्देशों और समिति की आगामी कार्ययोजनाओं की भी विस्तृत जानकारी साझा की। बैठक में युवा कांग्रेस नेता सावर मल मीणा, हरिसिंह मीणा, भवानी राम मीणा, मोहन मीणा, जगदीश मीणा, उदाराम मीणा, गणपत मीणा, मिश्री लाल मीणा, दिलीप मीणा सहित कई किसान उपस्थित रहे।



# पीले सोने से ढका आमली-गोरधा, सरसों की बेहतरीन फसल ने बढ़ाया उत्पादन का भरोसा

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



**(दिलखुश)।** आमली-गोरधा क्षेत्र में इस बार रबी फसलों की स्थिति बेहद उत्साहजनक है। खेतों में खड़ी सरसों की लहलहाती फसल ने सम्पूर्ण क्षेत्र को पीले सोने' की चादर में बदल दिया है। सरसों पर फूलों के साथ फली बनने की शुरुआत हो चुकी है, जो किसानों के लिए बेहतर पैदावार का संकेत है। फसल की शुरुआती बढ़वार मजबूत होने से किसानों में उम्मीदों की नई किरण जागी है। कृषि और राजस्व विभाग के आंकड़ों के अनुसार क्षेत्र में कुल 2100 हेक्टेयर कृषि भूमि है। इसमें 1000 हेक्टेयर में सरसों, 230 हेक्टेयर में गेहूं, 220 हेक्टेयर में चना, 100 हेक्टेयर में जौ, 40 हेक्टेयर में मसूर, 10 हेक्टेयर में कुसुम और शेष भूमि में सब्जियों व कपास की खेती हो रही है। सभी फसलों की बढ़वार सामान्य से बेहतर बताई जा रही है। समय पर पहली सिंचाई मिलने से फसलें तेजी से बढ़ रही हैं और इस बार मौसम पूरी तरह अनुकूल बना हुआ है। किसानों के अनुसार अब तक किसी भी प्रकार का कीट, रोग या फफूंद का असर खेतों में नहीं देखा गया है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि फूलों के साथ फली का समय पर बनना फसल की संतुलित और स्वस्थ विकास प्रक्रिया को दर्शाता है।

फली बनने के साथ किसानों ने उर्वरक प्रबंधन और फसल सुरक्षा पर ध्यान बढ़ा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस साल सरसों का घनत्व और चमक पिछले वर्षों की तुलना में काफी अच्छी है, जिसके चलते उत्पादन को लेकर उम्मीदें मजबूत हो गई हैं।

### इनका कहना है

'रबी सीजन की फसलों की स्थिति संतोषजनक है। सरसों पर फूलों के साथ फली भी दिख रही है, जो बेहतर पैदावार का संकेत है। अभी तक किसी भी प्रकार का रोग नहीं मिला है और हमारी टीम लगातार निगरानी कर रही है।

**रामदयाल मीणा, वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक, गोरधा-आमली**

# जालिया गांव के किसानों ने सौपा चेतावनी भरा ज्ञापन

## अवैध ब्लास्टिंग नहीं रुकी तो विधानसभा के बाहर करेंगे सामूहिक आत्मदाह

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



बनेड़ा तहसील के जालिया गांव के किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम चेतावनीपूर्ण ज्ञापन सौंपा। किसानों का आरोप है कि लापिया पॉइंट पर जिंदल सॉ लिमिटेड द्वारा की जा रही अवैध ब्लास्टिंग और खनन से उनकी जान, घर और खेती तीनों खतरे में हैं। ज्ञापन में कहा है कि यदि तुरंत कार्रवाई नहीं हुई तो वे विधानसभा के बाहर सामूहिक आत्मदाह जैसा कठोर कदम उठाने को मजबूर होंगे।

किसान पिछले 158 दिनों से लगातार धरने पर बैठे हैं, लेकिन अब तक प्रशासन ने उनकी कोई सुनवाई नहीं की है। ग्रामीणों का कहना है कि धरना स्थल पर न तो अधिकारी पहुंचे और न ही कंपनी की ओर से हो रहे खतरों को रोकने के लिए कोई कदम उठाया गया। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि कंपनी और ठेकेदारों की ओर से उन्हें लगातार धमकियां और उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है। किसानो में बताया है कि संकट की शुरुआत तब हुई जब 14 जून 2024 को अनधिकृत विस्फोट के दौरान 25 मीटर दूर खेतों और 200 मीटर दूर आबादी पर बड़े-बड़े पत्थर गिरे। इससे कई घरों के दरवाजे-छतें टूट गईं और एक मकान ढह गया। डेढ़ माह की बच्ची सहित पूरा परिवार बाल-बाल बचा। इस घटना के बाद ग्रामीण भय और असुरक्षा में जीने को मजबूर हैं।

205 दिनों तक चले संघर्ष और धरने के बाद एडीएम ओ.पी. मेहरा, एएसपी पारस जैन, एसडीएम बनेड़ा, डीवाईएसपी मांडल और पुलिस अधिकारियों की मध्यस्थता से जिंदल कंपनी ने लिखित सहमति दी थी और प्रशासन ने 7 दिनों में कार्रवाई का वादा किया था। लेकिन किसान कहते हैं कि आज तक कोई कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने बताया की कंपनी जिला न्यायालय के आदेश, डीजीएमएस नियम और खनन विभाग के रोक आदेश की खुली अवहेलना कर रही है।

कंपनी द्वारा 12 मीटर गहरे और 125 द्व्र चौड़े डीप होल,प्रति होल 50-70 किलो बारूद का उपयोग कर खतरनाक विस्फोट किए जा रहे हैं।

इसके चलते गांव के 75% से अधिक घरों में दरारें पड़ चुकी हैं, जो कभी भी धराशायी हो सकते हैं। उड़ती धूल और पत्थरों से खेतों की उपजाऊ मिट्टी नष्ट हो रही है और कई खेत बंजर होने के कगार पर हैं।

किसानों ने ज्ञापन में अवैध ब्लास्टिंग और खनन तुरंत बंद कराने ,चरागाह भूमि गांव के भीतर ही पुनः आवंटित करने ,धमकियां देने वालों पर कार्रवाई करने , सुरक्षा की लिखित गारंटी देने की मांग की है ।

# साधारण सभा से पंचायत समिति सदस्य व सरपंचों का बहिष्कार

## नाराज़गी के चलते लगातार तीसरी बैठक भी रही निरस्त

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।**

पंचायत समिति मांडलगढ़ में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर सदस्यों और सरपंचों की नाराज़गी गहराती जा रही है। यही कारण है कि साधारण सभा की लगातार तीन बैठकों का बहिष्कार किया गया और मंगलवार को हुई बैठक भी सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण निरस्त हो गई।

सदस्यों व सरपंचों ने आरोप लगाया कि पंचायत समिति के आला जनप्रतिनिधि और अधिकारी 50 प्रतिशत तक कमीशनबाजी कर रहे हैं, जिससे पंचायतों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कई कार्य ऐसे बताए गए हैं, जो जमीन पर मौजूद नहीं, फिर भी उनका भुगतान उठा लिया गया है। सरपंचों ने यह भी आरोप लगाया कि पहले जहां 1 लाख रुपये में बोर मोटर लग जाती थी, वहीं वर्तमान कार्मिकों द्वारा 2.20 लाख रुपये के नए बोर दिखाकर बिना जरूरत के खर्च बढ़ाया जा रहा है।

काछोला पंचायत में नियम विरुद्ध पट्टों की फाइल को साधारण सभा से अनुमोदित कराने का प्रयास भी विवाद का कारण बना। सदस्यों का कहना है कि प्रशासन के ऐसे मनमाने फैसलों व कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ वे मजबूरी में बैठकों का बहिष्कार कर रहे हैं।

# दादाबाड़ी में पहली बार दो दिवसीय प्रभु पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव 14-15 दिसंबर को

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



ाहर की जिन कुशल सूरी दादाबाड़ी में इस वर्ष पहली बार दो दिवसीय प्रभु पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव का भव्य आयोजन 14 व 15 दिसंबर को किया जाएगा। पहला आयोजन होने के कारण श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। महोत्सव से पूर्व 13 दिसंबर को कार्यक्रमों का शुभारंभ साध्वी गुणरंजना के मंगल प्रवेश से होगा। उनका आगमन सुबह 8:30 बजे चिंतामणि पार्श्वनाथ मंदिर से दादाबाड़ी परिसर तक शोभायात्रा के रूप में होगा।


14 दिसंबर को पोस दशमी के पावन अवसर पर प्रभु पार्श्वनाथ भगवान की स्नात्र पूजा, जन्म कल्याणक महोत्सव एवं विविध धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। सायंकाल 7 बजे से भक्ति संध्या का आयोजन रखा गया है, जिसमें भक्ति रस बिखेरने हेतु श्रीमती निशा हिंगड़ एवं अंकुर बंब अपनी प्रस्तुतियां देंगे। महोत्सव के दूसरे दिन 15 दिसंबर को सुबह 9 बजे से दादा गुरुदेव कुशल सूरी की अष्टप्रकारी पूजा का आयोजन होगा, जो भक्तों के लिए आध्यात्मिक अनुभूति और श्रद्धा का विशेष अवसर प्रदान करेगा।

दादाबाड़ी ट्रस्ट के सचिव भागचंद बंब ने बताया कि भीलवाड़ा के इतिहास में पहली बार यह भव्य महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। साध्वी गुणरंजना महाराज साहब का सानिध्य दोनों दिनों में उपलब्ध रहेगा। दादाबाड़ी परिसर में स्थित शेखेश्वर पार्श्वनाथ भगवान एवं तृतीय दादा गुरुदेव कुशल सूरी का प्राचीन, दिव्य और चमत्कारिक मंदिर इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण रहेगा।

## QUICK BITES

# बदनपुरा हादसाः हजार रुपये के बीमे से मिला 20 लाख का दावा

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**




मांडलगढ़ तहसील के बदनपुरा गांव में एक व्यक्ति की खेत में गाय को चारा डालते समय दुर्घटना में मृत्यु हो गई। अचानक गाय के हमले से हुई इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने पूरे क्षेत्र में शोक की लहर पैदा कर दी है। दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार को आर्थिक संबल देते हुए धामनिया स्थित एसबीआई बैंक शाखा द्वारा मृतक की माता नारायणी देवी को 20 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा दावा सौंपा गया। यह दावा मृतक के बचत खाते से जुड़े मात्र 1 हज़ार रुपए के एक्सिडेंटल इंश्योरेंस के तहत स्वीकृत किया गया।

दावा प्रक्रिया को पूरा कराने में एसबीआई बैंक के मुख्य प्रबंधक मनीष कुमार, शाखा प्रबंधक नरेश कश्यप, तथा बैंक स्टाफ सुबेह सिंह मीना, पंकज कुमार मीना, गोविंद सक्सेना, वर्चस्व मीना, बिराम लाल (गार्ड) और योगेंद्र शर्मा, शंकर लाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इसके अलावा एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी की ओर से एरिया मैनेजर अमित शर्मा तथा बीडीएम लोकेश आचार्य ने भी त्वरित कार्रवाई करते हुए परिवार को सहायता उपलब्ध करवाई।

# सोनिया गांधी के जन्मदिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी ने 800 छात्रों को बांटे फल और बिस्किट

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी, भीलवाड़ा शहर ने राजेंद्र मार्ग स्कूल में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें करीब 800 विद्यार्थियों को फल और बिस्किट वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शिवराम (जीपी) खटीक, नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की मूल भावना सेवा और समाज के प्रति समर्पण है, और मंगलवार का कार्यक्रम उसी संदेश को आगे बढ़ाता है। कुणाल ओझा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों में खुशी बाँटना और समाज में सकारात्मक संदेश देना है। अंत में जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

# बेटी की राजश्री योजना की तीसरी किस्त के 4 हजार रुपये के लिए 4 साल से भटक रहा गरीब पिता

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

खामोर निवासी भंवरलाल जाट पिछले चार वर्षों से मुख्यमंत्री राजश्री योजना की तीसरी किस्त 4,000 रुपये के लिए शिक्षा विभाग से लेकर शिकायत पोर्टलों तक चक्कर काट रहा है। बेटी विशाखा जाट का जन्म 13 अगस्त 2016 को शाहपुरा के सेटेलाइट अस्पताल में हुआ था। पहली और दूसरी किस्त समय पर मिल गई, लेकिन प्रथम कक्षा में प्रवेश पर मिलने वाली तीसरी किश्त अब तक नहीं मिली, जबकि बालिका वर्तमान में कक्षा 5 में पढ़ रही है। परिवार ने 2021-22 में ही स्कूल में सभी दस्तावेज जमा करवा दिए थे। विद्यालय प्रशासन का कहना है कि उनकी ओर से शाला दर्पण पोर्टल पर रिपोर्ट लॉक कर दी गई है, पर विभागीय स्तर पर भुगतान अटका हुआ है। भंवरलाल ने 181 हेल्पलाइन पर 10-12 बार शिकायत की, पर सिर्फ आश्वासन ही मिला। गरीब परिवार 4 हज़ार रुपये की वैधानिक राशि के लिए आज भी भटक रहा है। भंवरलाल ने जिला प्रशासन से तुरंत समाधान करने और लंबित किस्त जारी कराने की मांग की है, ताकि बेटी को उसका हक मिल सके।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।